## खबर संक्षेप

### वार्ड क्र.-08 श्रीराम वार्ड के उप निर्वाचन के मतगणना के लिए अधिकारी, कर्मचारी नियुक्त

**मण्डला।** नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2025 (उत्तरार्द्ध) के अंतर्गत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 31 दिसंबर को प्रातः 9 बजे से जिले की निगरानी निकाय मंडला के अंतर्गत वार्ड क्र.-08 श्रीराम वार्ड के उप निर्वाचन के मतगणना का कार्य संपन्न होना है। नगरपालिका मण्डला के पार्षद पद के मतगणना के दौरान निर्वाचन परिणाम की घोषणा के लिए प्रारूप-20, प्रारूप 21 क, प्रारूप 22, प्रारूप 23, प्रारूप 24 तैयार करने के लिए नियुक्त कर्मचारियों को मतगणना कार्य, निर्वाचन परिणाम का कार्य करने एवं राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाईट में ऑनलाईन करने के लिए अधिकारी, कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के नेतृत्व में श्री प्रेम हरदहा, सहायक ग्रेड-3 तहसील मंडला, श्री राजेन्द्र सेन्द्राम सहायक ग्रेड-2 जनजातीय कार्यविभाग मंडला, श्रीमती पुष्पा तेकाम सहायक ई-गवर्नेंस मैनेजर जनपद पंचायत मंडला, श्रीमती सोमवती नरेती कम्प्यूटर ऑपरेटर जिला पंचायत मंडला मतगणना से संबंधित समस्त कार्य संपादित करेंगे। कार्य संपादन के दौरान श्री राकेश पटेल भृत्य नगरपालिका मंडला एवं श्री जियालाल भारतीया भृत्य नगरपालिका मंडला दल को सहयोग करेंगे। नियुक्त सभी कर्मचारी मतगणना दिनांक 31 दिसंबर को प्रातः 8 बजे अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मंडला के नवीन भवन में उपस्थित होकर सहायक रिटर्निंग अधिकारी को अपनी उपस्थिति देना सुनिश्चित करेंगे।

### मत्स्य पालन एवं व्यवसाय के लिए एनएफडीपी पोर्टल पर पंजीयन आवश्यक

**मण्डला।** भारत सरकार के मत्स्य पालन विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य किसान सह समृद्धि योजना लागू की गई है। 24 दिसंबर 2025 को ग्राम चीरी विकासखण्ड नारायणगंज में मछुआ सहकारी समिति सुनैना के सदस्यों का एनएफडीपी पोर्टल में पंजीयन कराया गया। कैम्प में हितग्राहियों को विभाग में संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस योजना के अंतर्गत मत्स्य पालन व्यवसाय से जुड़े मछुआरों, मछली किसानों, मछली विक्रेताओं और मत्स्य पालन में अन्य हितधारकों का (राष्ट्रीय मत्स्य डिजीडल प्लेटफार्म) पर पंजीकरण किये जाने के लिए जिले के मत्स्य पालकों, मत्स्य सहकारी समितियों एवं मछुआ समूह के सदस्यों मत्स्य विक्रेताओं एवं मत्स्य उद्यमियों के लिये नेशनल फिशरीज डिजीटल प्लेटफार्म तैयार किया गया है, जिस पर मत्स्य व्यवसाय से जुड़े सभी व्यक्तियों का पंजीयन किया जाना है।

## भ्रष्टाचार का गढ़-सहकारी समितियाँ एवं सहकारी बैंक

# व्यापारियों की खरीदी जा रही धान

*** किसानों को करना पड़ रहा इंतजार।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



आज के समय में सहकारी समितियाँ भ्रष्टाचार का पर्याय बनकर रह गई है। इन समितियों में कार्यरत छोटे से छोटा कर्मचारी आज लाखों में खेलता है कैसें कोई सोसायटी का एजेंट लाखों की संपत्ति बना लेता है कैसें कोई गोदाम प्रभारी करोड़ों की मिल्कियत का मालिक हो जाता है और कैसें एक कम्प्यूटर ऑपरेटर आंकड़ों में हेर-फेर करके लाखों रूपये कमा ले जाता है।

यह सब कुछ जगजाहिर है लेकिन मजाल है कि कोई अधिकारी इन पर कार्यवाही कर सके। वर्षो से यही ढर्रा चला आ रहा है और जिम्मेदार अपनी भूमिका का पारिश्रमिक लेकर मौन रह जाते हैं।

जिला सहकारी बैंक में अल्प बचत साख सहकारी समिति मर्यादित मण्डला में अमानतदारों की राशि हड़पकर लाखों का घालमेल करना अब कानून की बलि चढ़ चुका है। उन अमानतदारों के आंसू अब कहर बनकर इन भ्रष्टाचारियों पर टूट रहे हैं जो बेचारे अपने बेटे-बेटियों की शादी के लिये अपनी कमाई को जमा किये हुये थे उसे इन भ्रष्टाचारियों ने अपनी सफाई से हड़प लिये और फिर अपना जुर्म छुपाने दूसरा जुर्म करने को तत्पर हो गये और यहीं ऊपर वाले का कहर टूटा और अब ईओडब्ल्यू की जांच के बाद इनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

सहकारी समितियों की बात करें तो मण्डला के आसपास की सभी समितियाँ भ्रष्टाचार के दलदल में फंसी हुई हैं कहीं बचत खाते के नाम पर इतना बड़ा घोटाला होता है जिसकी वर्षो जांच चलती है तब कहीं जाकर दोषियों को दण्ड मिल पाता है वहीं 40 लाख से ऊपर की खाद पानी में खराब हो जाती है और कारण बताकर अपनी भूमिका की इतिश्री कर ली जाती है। अब यह 40-46 लाख का जो नुकसान हुआ उसकी भरपाई कौन करेगा क्या हकीकत में खाद खराब हुई या फिर खाद के घोटाले को दबाने के लिये बारिश का सहारा लिया गया।

धान उपार्जन केन्द्रों में सहकारी समितियों के माध्यम से जो किसानों की धान खरीदी जा रही है उसमें भी जमकर घोटाले हो रहे हैं कहीं किसानों के रकबे को 100 गुना बढ़ाकर पंजीयन किया जाता है और फिर इस पंजीयन में व्यापारियों की धान खरीदकर लाखों रूपये कमाये जाते हैं।

इस घालमेल की शिकायत भी लिखित में की जाती है लेकिन सहकारी समिति के जिम्मेदार लोग मामले को दबा ले जाते हैं और यही कारण है कि जिनके द्वारा इस तरह के कारनामे किये जाते हैं उनके हौंसले बुलंद होते हैं और फिर इन पर समिति पदाधिकारियों एवं अधिकारियों की नजरें इनायत भी बढ़ती जाती है और अब तो स्थिति यह है कि बाप-बेटे मिलकर पूरी समिति को संचालित कर रहे हैं जहां बेटा कम्प्यूटर ऑपरेटर के रूप में धान उपार्जन केन्द्र में अपनी कलाकारी दिखा रहा है तो वहीं पिता समिति प्रबंधक बनकर उसे प्राश्रय देने का काम कर रहा है।

स्थिति यह है कि किसान बेचारे कई-कई दिन इंतजार करते हैं लेकिन उनकी धान नहीं तुलती लेकिन दूसरी ओर व्यापारियों की धान जिनके माध्यम से आती है उनका काम तुरत-फुरत हो जाता है इन व्यापारियों की धान उन किसानों के रकबे में समाहित की जाती है जिनके पंजीयन रकबा बढ़ाकर किये गये होते हैं और इसके बीच लगभग 150 रूपये प्रति क्विंटल का कमीशन लिया जा रहा है। किसानों की धान 40.600 किलोग्राम के स्थान पर 41 किलोग्राम तक तौली जा रही है और फिर शाम के समय जो अतिरिक्त धान होती है उसे निकालकर 40 किलो 600 ग्राम धान की बोरी ही गोदामों में रखी जा रही है और इन किसानों से अतिरिक्त राशि भी लेने की शिकायतें सामने आ रही है।

> जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मंडला और अल्प बचत साख सहकारी समिति में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (EOW) ने बैंक और समिति के चार पदाधिकारियों के खिलाफ 65 लाख रुपए की धोखाधड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि बैठक में अस्वीकृत ऋण को दस्तावेजों में हेराफेरी कर स्वीकृत दर्शाया गया। तत्कालीन महाप्रबंधक नरेंद्र कोरी, तत्कालीन स्थापना प्रभारी एन.एल. यादव, तत्कालीन लेखापाल व फील्ड कक्ष प्रभारी अतुल दुबे और अल्प बचत साख सहकारी समिति मंडला के प्रबंधक शशि चौधरी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मंडला में वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतें मिली थीं। कलेक्टर के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ के नेतृत्व में जांच कराई गई। इसमें पाया कि अल्प बचत साख सहकारी समिति ने अमानतदारों की राशि वापस नहीं की, अनुचित तरीके से ऋण स्वीकृत किए और ऋण वसूली में भी लापरवाही बरती गई।


रकबा बढ़ाकर की लाखों की हेराफेरी

## सांसद खेल महोत्सव के समापन अवसर पर युवाओं का उत्साहवर्धन



*** मंडला में आयोजित कार्यक्रम में खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'सांसद खेल महोत्सव' के समापन अवसर पर देशभर के युवा खिलाड़ियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। इसी क्रम में मंडला में प. दीनदयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के कार्यक्रम में सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, श्री जयदत्त झा और अन्य जनप्रतिनिधियों एवं खेल प्रेमियों की उपस्थिति में आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण नमन किया गया। इसके पश्चात प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यक्रम के सीधे प्रसारण का सामूहिक रूप से श्रवण किया गया, जिसमें उन्होंने युवाओं को खेलों के माध्यम से अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत मंडला इनडोर स्टेडियम में आयोजित विधानसभा स्तरीय शतरंज (चेस) प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क जैसे गुण विकसित कर विकसित भारत की मजबूत नींव रखी जा सकती है। सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी, खेल प्रेमी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# जिले में कॉरेक्स कफ सिरप, बोनफिक्स, व्हाइटनर एवं थिनर जैसे नशे में प्रयोग वाले वस्तुओं का विक्रय प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

जिले में कॉरेक्स कफ सिरप, बोनफिक्स, व्हाइटनर एवं थिनर जैसे नशे में प्रयोग वाले वस्तुओं का नाबालिगों को विक्रय किया जाना प्रतिबंधित कर दिया गया है। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों से संज्ञान में आया है कि कम उम्र के बच्चों द्वारा कॉरेक्स कफ सिरप, बोनफिक्स, व्हाइटनर, वाहनों के पंचर बनाने में उपयोग होने वाले सॉल्यूशन क्रीम एवं थिनर जैसे उत्पादों का उपयोग नशे के रूप में किया जाता है। यह सामान्य उपयोग की वस्तुएँ होने से आसानी में सर्वसाधारण के लिए उपलब्ध हो जाती है। कम उम्र के बच्चों द्वारा अज्ञानतावश उक्त उपयोग की वस्तुओं का नशे रूप में उपयोग किया जाना एक आम समस्या होती जा रही है, जिसके दुष्परिणाम बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में बाधा के रूप में निश्चित रूप से परिलक्षित होते हैं। नाबालिग एवं कम उम्र के बच्चों को उक्त नशे का आदी बनाया जाकर अपराध की दिशा में भी अन्य लोगों द्वारा दिग्भ्रमित किए जाने की पूर्ण संभावना रहती है। उक्त कारणों से नाबालिग बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक दुष्परिणाम, सड़क दुर्घटना से मृत्यु एवं जनहानि तथा अपराधिक गतिविधियों की संभावनाएं है।

दैनिक समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त सूचनाओं से यह समाधान हो गया है कि नशे के रूप में नाबालिक बच्चों/कम उम्र बच्चों द्वारा कॉरेक्स कफ सिरप, बोनफिक्स, व्हाइटनर, वाहनों के पंचर बनाने में उपयोग होने वाले सॉल्यूशन क्रीम एवं थिनर जैसे उत्पादों का उपयोग नशे के रूप में किया जा रहा है जिस पर अंकुश लगाने एवं लोक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहित 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किया जाना आवश्यक है।

जारी आदेश के अनुसार जिले में कोई भी दुकानदार कॉरेक्स कफ सिरप पंजीकृत चिकित्सक के नवीन प्रिसक्रिप्शन के बिना विकय नहीं करेगा। कोई भी दुकानदार बोनफिक्स, व्हाइटनर एवं वाहनों के पंचर बनाने में उपयोग होने वाले साल्यूशन कीम जैसे उत्पाद/सामग्री का नाबालिग बच्चों को विक्रय नहीं करेगा। कोई भी दुकानदार थिनर (सामान्यतः रंगों के साथ उपयोग किए जाने वाला उत्पाद) सामग्री नाबालिग बच्चों को विक्रय नहीं करेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति/दुकानदार के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 तथा अन्य समस्त प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

## बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचारों के संबंध में सर्व हिंदू समाज ने सौंपा ज्ञापन



**नारायणगंज।** नारायणगंज नगर में समस्त सनातनी समाज ने तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमे पड़ोसी राष्ट्र बांग्लादेश में निवासरत हिंदू समाज के लोगों पर निरंतर हो रहे अत्याचार, हिंसा, भेदभाव एवं धार्मिक उत्पीड़न की घटनाएँ अत्यंत पीड़ादायक एवं चिंताजनक हैं। समाचार माध्यमों एवं सामाजिक स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वहाँ हिंदू समाज के मंदिरों को क्षति पहुँचाई जा रही है, धार्मिक स्वतंत्रता पर आघात किया जा रहा है, महिलाओं एवं बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा है तथा अनेक परिवार भय के कारण पलायन को विवश हैं। यह स्थिति न केवल मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है, बल्कि धार्मिक सहिष्णुता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। भारत विश्व में मानवता, अहिंसा और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों का समर्थक रहा है तथा पीड़ितों की आवाज़ बनकर खड़ा होता रहा है। इन सभी शिकायतें लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें बड़ी संख्या में हिन्दू समाज एकत्रित रहा जिसमें राजेश सोनी, मृदु साहू, सुंदर सोनी, मनोज मिश्रा, वीरेन्द्र नामदेव, वीरेंद्र अग्रवाल, सुशांत अग्रवाल, लकी अग्रवाल, सूरजसोनी, प्रशांतसोनी, अरुण यादव, निक्की साहू,सुरेंद्रसोनी, राकेश अग्रवाल एवं सर्व हिंदूसमाज मौजूद रहा।

## वीर बाल दिवस पर साहिबजादों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

*** एसआईआर को लेकर बैठक भी आयोजित, बीएलओ, बूथ अध्यक्षों को दिए विशेष दिशा-निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला




वीर बाल दिवस के अवसर पर सिख धर्म के दशम गुरु, श्री गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादे साहिबजादा जोरावर सिंह जी एवं साहिबजादा फतेह सिंह जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनके तेल्यचित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया और साहिबजादों के अद्भुत साहस, शौर्य और बलिदान को नमन किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि साहिबजादा जोरावर सिंह जी और साहिबजादा फतेह सिंह जी ने अल्पायु में धर्म, संस्कृति और देश की रक्षा के लिए जो सर्वोच्च बलिदान दिया, वह भारतीय इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है। उनका त्याग हमें अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध अडिग रहने की प्रेरणा देता है। वीर बाल दिवस' आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति और संस्कारों से जोड़ने का अवसर है। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि साहिबजादों का बलिदान केवल सिख समाज ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारत के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इतनी कम उम्र में भी उन्होंने धर्म और सत्य के मार्ग से विचलित होना स्वीकार नहीं किया। भारतीय जनता पार्टी उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए सतत कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम का समापन साहिबजादों के बलिदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेकर किया गया।

वीर बाल दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम के उपरांत भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में एसआईएस के द्वितीय चरण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं बीएलओ को एसआईआर अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उन्हें विशेष दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि एसआईआर के प्रथम चरण में जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे गए हैं, उनकी पूरी जानकारी पार्टी के बीएलओ को अवश्य लेनी चाहिए। कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे, इसके लिए बीएलओ और कार्यकर्ता आपसी समन्वय से कार्य करें।

वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि एसआईआर का दूसरा चरण संगठन और लोकतंत्र दोनों की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सक्रिय होकर मतदाता सूची की बारीकी से जांच करें, नए मतदाताओं को जोड़ने और त्रुटियों के सुधार का कार्य गंभीरता से करें। भाजपा हर पात्र नागरिक को उसका मतदान अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में कार्यकर्ताओं को समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने, बूथवार जिम्मेदारी तय करने तथा नियमित रिपोर्टिंग के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एसआईआर के द्वितीय चरण को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## शिविर | आमजन का कल्याण हमारी सरकार का लक्ष्य-मंत्री श्रीमती उइके।

# ग्राम झिरिया में 'प्रशासन गाँव की ओर' शिविर






*** सुशासन सप्ताह अंतर्गत हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

सुशासन सप्ताह-2025 के अंतर्गत गुरुवार को मंडला जिले के ग्राम झिरिया में 'प्रशासन गाँव की ओर' अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मध्यप्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके शामिल हुई। यहाँ उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती उईके ने कहा कि प्रदेश में डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार लगातार सुशासन के लिए कार्य कर रही है। आमजन का कल्याण हमारी सरकार का लक्ष्य है। अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को शासन की योजनाओं की जानकारी पहुंचे और हर पात्र परिवार शासन की योजनाओं से लाभान्वित हो यही हमारी सरकार का ध्येय है।


मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि आज चाहे शिक्षा की बात हो, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का काम हो, महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा की बात हो हर क्षेत्र में लगातार कार्य हो रहा है। उन्होंने बताया कि शासन की योजनाएं तभी सार्थक होगी जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बच्चों का नियमित विद्यालय जाना, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच तथा पोषण आहार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे शासन द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

शिविर में सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना ने उपस्थित ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। सीईओ श्री मीना ने अपने संबोधन में कहा कि सुशासन सप्ताह का उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम करना तथा समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना है।

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा मौके पर ही आवेदन प्राप्त कर कई समस्याओं का निराकरण किया गया। शिविर में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, सीईओ जनपद पंचायत नैनपुर विनोद मरावी सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीयजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### स्कूलों में मनाया गया वीर बाल दिवस, चित्रकला के माध्यम से वीर बाल शहीदों को किया याद



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर सहित क्षेत्र के शासकीय स्कूलों में शुक्रवार को वीर बाल दिवस मनाया गया। बताया जाता है कि इस आयोजन को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निर्देश जारी किये गये थे। उल्लेखनीय है कि गुरु गोविंद सिंह के शहीद पुत्रों साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह द्वारा दिये गये सर्वोच्च बलिदान के संबंध में प्रतिवर्ष 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। यह दिवस भारत के भविष्य की नींव माने जाने वाले बच्चों को सम्मानित करने के लिये समर्पित एक राष्ट्रीय उत्सव है। इस पहल का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं का पोषण करना, रचनात्मकता को बढ़ावा देना और उन्हें विकसित भारत के सपने में योगदान देने के लिये प्रेरित करना है। इसी के चलते शुक्रवार को वीर बाल दिवस के राष्ट्रीय स्तर के नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण स्कूलों में विद्यार्थियों को दिखाया गया। जिसके चलते देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश को स्कूली बच्चों ने सुना। वही दूसरी ओर स्कूलों में विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित भी की गई जिनमे आयु वर्ग 3-6 वर्ष के लिये चित्रकारी, पेंटिंग, खेल गतिविधियाँ एवं कहानी सुनाना और आयु वर्ग 6-10 वर्ष के लिये चित्रकला, निबंध लेखन एवं कहानी सुनाना आदि प्रमुख थी। इन प्रतियोगिताओं के लिये मेरे सपनों का भारत, वह भारत जो मैं देखना चाहता हूँ, दूसरों की मदद करना मेरी महाशक्ति है। मेरी संस्कृति के रंग और आसपास के नायक, जिनमें शिक्षक, देख भालकर्ता और मित्र शामिल रहे। इसके अलावा स्कूलों में आयु वर्ग 11-18 वर्ष के बच्चों के लिये निबंध, कविताएँ, वाद-विवाद और डिजिटल प्रतियोगिता कराई गईं। इनके लिये जो विषय तय किये गये थे उनमें 'राष्ट्र निर्माण में बच्चों की भूमिका', 'विकसित भारत के लिये मेरा दृष्टिकोण,'विकसित भारत बनाने में बच्चों की भूमिका के साथ साथ 'विकास शील भारत को आकार देने में बच्चों की भूमिका के आलवा 'साहस और करुणा, एक नायक क्या बनाता है। 'भारत के इतिहास में वीरता की कहानियाँ, 'डिजिटल इण्डिया में युवाओं के लिये अवसर,'स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत सहित बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' 'प्रत्येक बालिका को सशक्त बनाना' शामिल थे। इसके अलावा आत्मनिर्भर भारत-नवाचार में युवाओं की अग्रणी भूमिका, 'वोकल फॉर लोकल' भारत की पारम्परिक शिल्प-कलाओं का उत्सव मनाना के आलवा 'स्किल इण्डिया मिशन' और 'अमृतकाल में कल के भारत निर्माण में युवाओं की भूमिका' को शामिल किया गया था।

### बसुरिया में एक युवक के साथ लाठी मारकर तोड़ी हड्डी

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत बीते हुये दिनों मारपीट की घटना सामने आई है। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बसुरिया निवासी तथा छपारा कालेज में लाईब्रेइयन आफिसर के पद पर पदस्थ शासकीय कर्मचारी द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि ग्राम बसुरिया में मेरे माता पिता रहते है एवं पैत्रिक संपत्ती भी है। बीते हुये दिवस गांव के कृष्णकांत चौधरी एवं मनोज चौधरी जिनसे मेरे माता पिता की पुरानी रंजिश चल रही है। इसी बात को लेकर दोनों एक राय होकर घर के अंदर घुसकर पिता अयोध्या प्रसाद वर्मा एवं माता मधु वर्मा को गंदी गंदी गालिया देने लगे। इसकी सूचना माता पिता द्वारा मुझे दी गई तो मेने शासन की डायल 112 पर फोन करते हुये अपने माता पिता की सुरक्षा को लेकर पुलिस भेजे जाने पर दोनों भाग गये। इसके बाद दूसरे दिन मै अपने माता पिता को लेने के लिये अपने गांव बसुरिया पहुंचा तो वहां पर कृष्णकांत अपने हाथ में लाठी लेकर आया और प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुये चोटै पहुंचाई। उस दौरान प्रार्थी अपने माता पिता को लेकर छपारा चला गया और वहां पर निजी चिकित्सालय में उपचार कराये जाने पर डाक्टरों द्वारा हड्डी टूटना बताये जाने पर प्रार्थी द्वारा आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के चलते पुलिस द्वारा मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

बिदाई लेते हुये वर्ष में मिश्रा व रजक की जुगल जोड़ी के हाथ लगी बड़ी सफलता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूरिया ने कार्यवाही का किया खुलासा

# तीन आरोपियों के पास से पुलिस ने क्षेत्र सहित अन्य जिलों से पार की गई दस मोटर साईकिलों को किया जप्त









हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जब पुलिस टीम अपने दायित्वों का निर्वाहन पूर्ण निष्ठा के साथ करती है तो अपराधिक घटनाओं में लिप्त रहने वाले आरोपी हो या फिर चोरी की घटनाओं में शामिल लोग पुलिस की पकड़ से अधिक समय तक दूर नही रह पाते है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक की जुगल जोड़ी द्वारा बिदाई ले रहे वर्ष के अंतिम सप्ताह में तीन आरोपियों को पकड़ते हुये उनके पास से क्षेत्र के अलग अलग स्थानों सहित अन्य जिलों से चोरी की गई दस मोटर साईकिले जप्त करने में एक बड़ी सफलता हासिल की गई है। गाडरवारा पुलिस द्वारा की गई इस कार्यवाही का अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया द्वारा गाडरवारा पुलिस थाने में खुलासा करते हुये बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के द्वारा के द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं संपत्ति संबंधी अपराधियों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने हेतु लगातार अभियान चलाये जाने के लिये सभी थाना प्रभारियों को आदेशित किया गया है जिसके चलते उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में गाडरवारा नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधियों की धरपकड़ की जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया एवं एस.डी.ओ.पी. रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विक्रम रजक के नेतृत्व में शामिल उप निरीक्षक अर्जुन सिंह बघेल, गजराज सिंह, सहायक उप निरीक्षक राजेश शर्मा, हरिशंकर बटके, राजेश तिवारी, प्रधान आरक्षक राम गोपाल सिंह राजपूत, शिवकुमार नौरिया, परमानंद, संजय डोंगरे तथा आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, बालकृष्ण रघुवंशी बल्लू, सुजीत बागरी, शिवम पटैल, दीपक राजूपत, ऐश्वर्य वेंकट, प्रदीप गुप्ता, हरिशंकर, सौरभ मिश्रा, कृष्ण कांत गोपाले, शिशुपाल सिंह तोमर, बसंत, उत्तम, रामसिंह, महिला आरक्षक कुमुद पाठक, गीता अग्रवाल द्वारा क्षेत्र में पेट्रोलिंग की जा रही थी। इसी दौरान दो युवकों को संदिग्ध स्थिति में पकड़ते हुये पूछताछ की गई तो उनके द्वारा अपना नाम मनीष पिता सुखराम जाटव उम्र 26 साल निवासी ग्राम तिगुंवा सिहोरा तथा दूसरे ने अपना नाम धनंजय उर्फ छोटू कौरव पिता महेश कौरव उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम छैनाकछार थाना डोंगरगाँव होना बताया गया। जब इन सुदिग्धों से पुलिस द्वारा सख्ती के साथ पूछताछ की गई तो इनके द्वारा गाडरवारा एवं नर्मदापुरम के विभिन्न स्थानों से मोटरसाईकलें चोरी करना स्वीकार किया गया। इसी के चलते पुलिस द्वारा आरोपी मनीष पिता सुखराम जाटव के पास से हीरो स्प्लेंडर मोटर साईकिल क्रमांक MP 49 ZF 9203, बजाज प्लेटीना क्रमांक MP 49 MG 4278, हीरो पेशन प्रो क्रमांक MP 05 ME 6370, हीरो आई-स्मार्ट क्रमांक MP 49 MR 0760, हीरो स्प्लेंडर क्रमांक MP 49 BA 5824, बजाज सीटी 100 - क्रमांक MP 49 MM 1365, बजाज प्लेटीना क्रमांक MP 49 MU 1085 जप्त की गई। इसी प्रकार से आरोपी धनंजय उर्फ छोटू कौरव पिता महेश कौरव निवासी ग्राम छैनाकछार थाना डोंगरगाँव के पास से बजाज सीटी 100 - क्रमांक MP 05 MT 9510, होंडा शाईन क्रमांक MP 40 MT 7845 जप्त की गई। वही आरोपी धनंजय उर्फ छोटू कौरव ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसने बीते हुये 21 दिसम्बर 2025 की रात मूनलाइट गार्डन के सामने काँच मंदिर के पास गाडरवारा से हीरो स्प्लेंडर मोटरसाईकल MP 49 MD 8970 चोरी किया गया था इसके बाद उक्त मोटर साईकिल को उमेश कौरव निवासी सिलहैटी बेच दिया गया था। इस स्थिति में पुलिस द्वारा चोरी की मोटर साईकिल को खरीदने वाले उमेश कौरव को हिरासत में लेते हुये पूछताछ की गई तो पहले वह इंकार करता रहा। मगर कहा जाता है कि जब पुलिस अपनी पर आती है तो पत्थर भी सच बोलने से नही चूकते है। इसी प्रकार से सिल्हेटी निवासी उमेश कौरव द्वारा भी सच्चाई का बखान करते हुये पुलिस को धनंजय के पास से मोटर साईकिल खरीदने की बात को स्वीकार करते हुये उसे कटर के माध्यम से पार्ट विक्रय करने की सोच के चलते अपने खेत में छिपाकर रखा गया है। इसी के चलते पुलिस द्वारा आरोपी उमेश कौरव के पास हीरो स्प्लेंडर मोटर साईकिल क्रमांक MP 49 MD 8970 को कटी हुई स्थिति में बोरियों में भरे हुये पार्ट जप्त किये गये है। वही पुलिस अधिकारियों ने पकड़े गये आरोपियों द्वारा मोटर साईकिले चोरी करने की सच्चाई का खुलासा करते हुये बताया है कि यह सभी शातिर मोटर साईकिल चोर मुख्यतः सार्वजनिक स्थानों, बैंक, सब्जी बाजार के आस-पास अथवा शादी गार्डनों को चिह्नित करते थे, जहाँ लोग अपनी मोटर साईकिल को लापरवाही से बिना लॉक किये खड़ी कर देते थे। इस तरह मौका पाते हुये यह लोग वहां से मोटर साईकिलों को चोरी करते हुये शीघ्र पकड़ में ना आये इस सोच के चलते सूने स्थान पर कुछ दिनों तक के लिये छिपाकर रख देते हुये थें। इस तरह बिदाई लेकर रहे वर्ष 2025 के अंतिम सप्ताह के दौरान जिस तरह गाडरवारा पुलिस द्वारा एक बड़ी सफलता हासिल करते हुये दस मोटर साईकिलों को जप्त किया गया है। इन मोटर साईकिलों की कीमत लगभग 6 लाख रूपया की बताई जाती है। वही इनके गाडरवारा थाना क्षेत्र के अलावा अन्य जिलों की मोटर साईकिले भी शामिल है। वही पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपियों के संबंध में बताया गया है की इनके खिलाफ पूर्व से ही अपराधिक रिकार्ड रहा है।

## गन्ने से लदी डबल ट्राली चालक सड़कों पर दिखा रहे करतब, जिला कलेक्टर का आदेश साबित हो रहा बेअसर



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। इस समय देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से बाहर से क्षेत्र की शुगर मिलों में गन्ना परिवहन करने के लिये आये हुये ट्रेक्टर ट्रालियो द्वारा जिस प्रकार से नियमों को नजर अंदाज करते हुये अपने स्वार्थ के चलते एक ट्रेक्टर में डबल ट्रालियों को लगाते हुये गन्ना परिवहन करते हुये देखे जाते है उसके चलते हर साल क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाये घटित होते हुये देखी जाती है। कुछ इसी प्रकार से डबल ट्रालियों की धमाचौकड़ी नगर सहित क्षेत्र की सड़को पर देखने मिल रही है। क्योंकि जब किसी मार्ग से डबल ट्राली लगाकर ट्रेक्टर ट्राली निकलते है तो जाम की स्थिति बनने के साथ साथ सड़क किनारे से निकलने वाले अन्य वाहन चालको की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूकते है। क्योंकि जब इन ट्रालियों के बीच से कोई वाहन चालक ओवर टेक करते हुये आगे निकलने का प्रयास करता है तो डबल ट्राली के चलते उसे सामने से आने वाला वाहन दिखाई नही देता है। इस स्थिति में वही चालक अपने बाहर को ओवर टेक करते हुये प्रवेश कर जाता है और सामने आने वाले वाहन से टकराने से नही चूकता है। वही दूसरी ओर इस तरह डबल ट्रालियों के साथ चलने वाले ट्रेक्टर सड़क पर पलटने से भी नही चूकते है। इसी के चलते बीते हुये दिनों जिला कलेक्टर द्वारा जिला स्तर पर आयोजित बैठक व क्षेत्र के भ्रमण के दौरान इस तरह डबल ट्राली लगाकर चलने वाले ट्रेक्टर ट्रालियों पर कार्यवाही करने के आदेश जारी किये गये थें। जिला कलेक्टर के आदेश के चलते जिला मुख्यालय के समीप परिवहन विभाग सहित यातायात पुलिस को एक दो दिन कार्यवाही करते हुये देखा गया था। मगर वह कार्यवाही पूर्णरूप से औपचारिकता पूर्ण साबित होने से नही चूक पाई है। क्योंकि गाडरवारा क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह डबल ट्राली चालको द्वारा जिस तरह के हैरत पूर्ण करतब दिखाई जा रहे है उसे देखते हुये लोग हैरत में पड़ने से नही चूक रहे है। क्योंकि डबल ट्राली लगे ट्रेक्टर सड़क पर चलने की जगह हैलीकप्टर बनकर हवा में दौड़ते हुये दिखाई देने से नही चूक रहे है..? इस सच्चाई को देखते हुये जहां जिला कलेक्टर का गाडरवारा क्षेत्र में बेसर साबित होते हुये दिखाई दे रहा है। वही दूसरी ओर क्षेत्र की सड़को पर डबल ट्राली लगे हुये ट्रेक्टर धमाचौकड़ी मचाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि दूसरे प्रांतों से आये हुये यह ट्रेक्टर चालक क्या इतने प्रभावशाली है जिसके चलते उनके सामने जिला कलेक्टर का आदेश भी बेअसर होने से नही चूक रहा है..? क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि समय रहते हुये इस तरह डबल ट्रालियों के परिचलन पर प्रशासन द्वारा सख्ती से रोक नही लगाई तो क्षेत्र में घटनाओं की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..?

## नल जल योजना धूनी नगरीवासियों के लिये बन रही परेशानी का कारण, प्रशासन की लापरवाही या किसी बड़े हादसे का इंतज़ार..?



हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। दादा धूनी नगरी में जिस तरह से जल सर्वधन योजना के तहत कार्य चलते हुये देखा जा रहा है उसको कार्य पूर्ण करने की अवधि समाप्त होने के बाद भी अधूरा नजर आने से नही चूक रहा है...? इस कार्य का हाल इस तरह देखा जा रहा है कि आये दिन जहां तहां खुदाई होना आम बात हो चुकी है। इसी के चलते जहां नगर के विकास कार्य इस योजना की बलि चढ़ने से नही चूक रहे है..? यदि सच्चाई पर नजर डाली जावे तो नगर परिषद में नल-जल योजना के अंतर्गत जो कार्य चल रहा कार्य अब आमजन के लिए परेशानी और खतरे का कारण बनते हुये दिखाई देने से नही चूक रहा है। बताया जाता है कि नगर के मध्य से गुजरने वाले मुख्य मार्ग SH-44 पर सीएम राइज स्कूल चौराहे के पास पिछले एक सप्ताह से एक विशाल गड्ढा खुदा हुआ पड़ा है, जिसे अब तक न तो भरा गया है और न ही सुरक्षित किया गया है। इस तरह खुदाई के बाद इस तरह असुरक्षित स्थिति में छोडा गया गड्डा खुलेआम खतरे की घंटी बजाने से नही चूक रहा है..? क्योंकि जहां यहा पर स्कूली बच्चों का आना जाना होता है वह दूसरी ओर आम लोग भी निकलने से नही चूकते है। इस स्थिति में चलते यह गड्ढा केवल विकास कार्य का निशान नहीं, बल्कि हर पल खतरे को आमंत्रण देने से नही चूक रहा है..। बताया जाता है कि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों स्कूली बच्चों का आना-जाना होता है। वही दूसरी ओर मुख्य चौराहा होने के कारण भीड़ का आलम रहने से नही चूकता है। वही आसपास सीएम राइज स्कूल, चेतन विद्यालय और रेवा श्री स्कूल जैसे प्रमुख शैक्षणिक संस्थान स्थित हैं। इसके साथ ही NTPC के लिये आने जाने वाले भारी भरकम ट्राले, गन्ने से भरी डबल ट्रॉलियां और डम्फरों का भी इसी से निकलना होता है। इस तरह विकास कार्य के नाम पर खोदा गया इस गड्डे के चलते आम लोगों की जिन्दगी को खतरा बनते हुये तो देखा ही जा रहा है। वही दूसरी ओर जाम की स्थिति बनने से भी नही चूक रही है।

## सिद्ध गौ धाम में गूँज रहे आहुतियों के मंत्र के बीच चल रहे लोक-कल्याण सहस्त्र हवन से बह रही धर्म की गंगा



हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। वैसे भी देखा जावे तो दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में आये दिन धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होना आम बात रहती है। क्योंकि जहां दादा धाम के लिये क्षेत्र के साथ साथ अन्य जिलों से दादा के भक्तों का आना लग रहता है। इसी के चलते यहां पर धर्म की गंगा बाहर माह बहते हुये देखी जाती है। मगर जिस तरह नगर के सिद्व गौ धाम में बीते हुये दस माह से गूंज रही आहूतियों की धुन से दादा धाम में धर्म की गंगा बहने के चलते लोग इसमें गोता लगाने से नही चूक रहे है। बताया जाता है कि नगर के मवेशी बाजार स्थित सुप्रसिद्ध सिद्ध गौ धाम दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर इन दिनों आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बना हुआ है। यहाँ संकटो से मुक्ति दिलाने वाले दादा हनुमान जी महाराज के चरणों में अटूट आस्था प्रकट करते हुए पिछले 10 महीनों से प्रत्येक गणेश चतुर्थी पर विशेष हवन-यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।'सर्वे भवंतू सुखिनः' के भाव से आहुतियां के चलते मंदिर के चरण सेवक पंडित प्रशांत महाराज के सानिध्य में यह अनुष्ठान पूर्ण विधि-विधान से संपन्न हो रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर सर्वे भवंतू सुखिनः सर्वे संतु निरामया" के मंत्र को सार्थक करना है। महाराज ने बताया कि विश्व शांति, जन-कल्याण और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रत्येक विनायक एवं गणेश चतुर्थी पर 1000 (सहस्त्र) आहुतियां समर्पित की जाती हैं। इसी के चलते धार्मिक चेतना का विस्तार होने से मंदिर समिति और स्थानीय श्रद्धालुओं के अनुसार, यह सिलसिला पिछले 10 माह से अनवरत जारी है। हवन की पवित्र अग्नि और मंत्रोच्चार से न केवल वातावरण शुद्ध हो रहा है, बल्कि लोगों में धार्मिक चेतना का भी विस्तार हो रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस यज्ञ में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। वही पंडित प्रशांत महाराज ने नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से विशेष आग्रह किया है कि वे प्रत्येक माह आने वाली गणेश चतुर्थी को मंदिर परिसर पहुँचें। इस दौरान उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रार्थना और यज्ञ में दी गई आहुति का फल अनंत होता है, अतः श्रद्धालु इस अवसर पर उपस्थित होकर अपने जीवन को सफल बनाएं।आगामी गणेश चतुर्थी पर भी यह अनुष्ठान भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. रामगुलाम दीक्षित को याद करते हुये अर्पित किये श्रद्वासुमन



हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। नगर के शहीद स्मारक पर आयोजित हुआ गरिमामयी कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रबुद्धजनों और राजनीतिक दिग्गजों ने किया शामिल होकर नगर के शहीद दीक्षित को किया नमन। बताया जाता है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पंडित रामगुलाम दीक्षित की 113वीं जयंती विगत दिवस अत्यंत गरिमा पूर्ण वातावरण में मनाई गई। इस दौरान स्थानीय शहीद स्मारक पर आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों और विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों ने एकत्र होकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुये उनके राष्ट्र प्रेम व समाज सेवा के आदर्शों को याद किया। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा किस्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. दीक्षित ने न केवल पराधीन भारत में आजादी की अलख जगाई, बल्कि स्वतंत्रता के पश्चात सरपंच के रूप में ग्रामीण विकास की एक नई इबारत लिखी। उनका जीवन सादगी और कर्तव्यनिष्ठा का पर्याय रहा है। वही आयोजित इस कार्यक्रम में वैचारिक मतभेदों से ऊपर उठकर हर दल के नेता और समाज के प्रबुद्ध जन शामिल हुए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ जन भगतदास महंत, पं. नागेंद्र शर्मा, वरिष्ठ शिक्षक भानुप्रताप सिंह राजपूत, परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी पं. मुकेश बसेड़िया, सेंट्रल पब्लिक स्कूल के संचालक राकेश शर्मा, बी.पी. रूसिया, प्रेम नारायण पटेल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष दिग्विजय सिंह राजपूत, कांग्रेस तहसील अध्यक्ष लखन पटेल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष मोना तोमर, भाजपा महामंत्री जमना सिलावट, सुरेंद्र पटेल, हनीफ भाई, सागर राजपूत, नीलेश तोमर, नितिन तिवारी, डॉ. प्रियंका पाराशर, रज्जू पटेल, पप्पू खोजर, सुदामा अग्रवाल, गुलाब गूजर, पारस संदीप जैन, पं. प्रफुल्ल दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

### दृष्टि से कमजोर युवक के साथ हो रही मारपीट रोकने पर हुआ विवाद

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस पटैल वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताा है कि प्राथी्र व राजा कहार निवासी डोला बाबा तथा पीयूष यादव तीनों बीते हुये दिवस कालेज के सामने स्ट्रीट ढाबा पर खाना खाने के लिये गये हुये थें। इस दौरान कुछ लोग कालेज के सामने निरंजन नौरिया जिसे आंखों से कम दिखाई देता है उसके साथ मारपीट कर रहे थें तो प्रार्थी द्वारा दृष्टि से कमजोर युवक के साथ हो रही मारपीट के चलते बीच बचाव करने का प्रयास किया

**न्यायालय तृतीय जिला न्यायाधीश महोदय गाडरवारा**

(पंकज जायसवाल साहब)

श्रीमति गीता वाई जाटव बगैरह....याचिकाकर्तागण

बनाम सर्वसाधारण.............उत्तरवादीगण

एम. जे. सी. जी. डब्लू. क्रमांक - 14/2025

प्रोसेस नंबर - 1089/25

इश्तहार पेशी दिनांक - 21/01/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति गीतावाई जाटव पत्नि स्व. श्री हरिशंकर जाटव निवासी आजाद भवन के पास राजेन्द्र बाबू वार्ड गाडरवारा तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) बगैरह ने याचिका अंतर्गत धारा 8 (2) हिन्दू अप्राप्तव्यता और सरंक्षक अधिनियम की प्रस्तुत की है कि याचिकाकर्ता क्रम 1 के पति एवं क्रम 2 से 5 के पिता स्व. हरिशंकर जाटव के नाम से मौजा पतलोन (वर्तमान गांधी वार्ड गाडरवारा) न. वं. 248 प. ह. नं. 93/18/1 ब्लाक सांईखेड़ा रा.नि.मं. व तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर स्थित भूमि (प्लाट ) खसरा नंबर 130/93 रकवा 30x50 = 1500 वर्गफुट यानि 139.405 वर्गमीटर का प्लाट सहखातेदार कढ़ोरी जाटव के नाम से दर्ज है। उक्त प्लाट में याचिकाकर्तागण का 1/2 भाग रकवा 0.007 हे. अर्थात 15x50 = 750 वर्गफुट का हक व हिस्सा है को याचिकाकर्ता क्रम 1 को याचिकाकर्ता क्रम 4 व 5 (ना.बा.) की ओर से विक्रय करने की अनुमति हेतु याचिका प्रस्तुत की है सर्वसाधारण को इस इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिसे इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 21/01/2026 को सुबह 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिसको समस्त तथ्यों की जानकारी हो उपस्थित रहे। आपके अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण कर दिया जावेगा। यदि पेशी दिनांक 21/01/2026 को पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते है अथवा शासकीय अवकाश घोषित होता है तो उक्त प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस पर होगी।

आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

गाडरवारा

दिनांक- 24/12/2025

सील

(पंकज जायसवाल)
तृतीय जिला न्यायाधीश
गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म. प्र.)

## पीएमश्री कन्या नवीन स्कूल में आयोजित हुई जनशिक्षा केंद्र स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी, स्कूली बच्चों ने किया अनोखा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।





शुक्रवार क्रो नगर के शासकीय पीएमश्री कन्या नवीन उ मा विद्यालय में जनशिक्षा केंद्र स्तरीय गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं पर्यावरण विषय पर आधारित प्रदर्शनी आयोजित की गईं। वही दूसरी ओर इस दौरान विद्यालय स्तरीय जादू नहीं विज्ञान है कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर जादूगर सहित अन्य कार्यक्रम छात्राओं ने शिक्षक श्रीमती श्वेता सेन के निर्देशन में प्रस्तुत कर आमजन को इस बात का संदेश दिया कि आजकल जो अंधविश्वास, जादू टोना प्रदर्शित किया जाता है। वह जादू नहीं है बल्कि विज्ञान है। जनशिक्षा केंद्र स्तरीय प्रदर्शनी में नगर के कन्या नवीन व बीटीआई स्कूल के आलवा समीपस्थ चिरहकला, सांगई, बगदरा, चामचोन, बरहटा, घूरपुर , निवारी आदि स्कूलों के छात्र छात्राओं को शामिल किया गया था। अलग अलग स्कूलों से शामिल हुये बच्चों द्वारा मॉडल निर्माण,लघु नाटिका, पर्यावरण एकल गीत, सेमिनार आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन माध्यमिक वर्ग के लिए किया गया। इन प्रतियोगिताओ मे छात्र छात्राओं ने सूर्य ग्रहण, चंद्र ग्रहण, सौर मंडल, कचरा संग्रहण, जल संरक्षण, गणित के पहाड़ा, जोड़ आदि विषयों पर मॉडल व पोस्टर बनाये। इसके अलावा बाल विवाह सहित अन्य विषयों पर लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। वही सेमिनार में विद्याथियो ने प्लास्टिक प्रदूषण पर अपने विचार रखे। इस दौरान छात्राओं ने पर्यावरण एकल गीत भी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम उपरांत सफल छात्र छात्राओं की पोर्टल पर एंट्री की गई। इस दौरान सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे, जनशिक्षा केंद्र प्रभारी श्रीमति लेखा कौरव ने मॉडल निर्माण वाले बच्चों से उनके माडलों से सबंधित प्रश्न पूछे एवं उनका मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर जनशिक्षक बनवाऱी लाल नागवंशी, अपसार खान, राजेश गुप्ता, के के शर्मा, चंद्रकांत साहू, सत्य नारायण दुबे, आर एन उपाध्याय, अमित शुक्ला, विक्रम शर्मा, मधु सूदन पटैल, राजेंद्र गुप्ता, प्रमोद ढिमोले, सचिन लहरिया, अंजुला श्रीवास्तव, सत्यवती कौरव, स्वाति ढिमोले, सीमा कुशवाहा सहित छात्र छात्राओं की मौजूदगी रही।

## खबर संक्षेप

### आज से राजनगर में एक दिवसीय कबड्डी खेल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज राजनगर। नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 में सेवन स्टार कबड्डी समिति राजनगर द्वारा एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जो आज व कल सुबह 11 बजे से न्यू राजनगर दुर्गा पंडाल थाना के पीछे राजनगर में होगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार 10000 रूपये साथ में ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 7000 रूपये साथ में ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार 5000 रूपये साथ में ट्रॉफी, आकर्षण पुरस्कार, बेस्ट रेडर, बेस्ट केचर, बेस्ट ब्लाकर को ट्रॉफी रखी गई है। इसके लिए नियम एवं शर्तें भी है जिसमे सभी मैच मैट में खेला जाएगा। एंट्री फीस लिया जाएगा समय से पहले एंट्री कर कर अपना स्थान सुनिश्चित कर सकते हैं। रेफरी का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा। अनुशासनहीनता करने वाले टीम को प्रतियोगिता से बाहर कर दिया जाएगा। विवाद की स्थिति में समिति का निर्णय सर्वमान्य होगा। मौसम के अनुसार खिलाड़ी गरम कपड़ा साथ लाएंगे। खेल प्रेमियों तथा सभी नगर वासियों को सेवन स्टार कबड्डी समिति द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन में सम्मिलित होने की अपील की गई है। कबड्डी समिति से संजय सिंह (लकी) शांतनु, धनसाय यादव, रोहित यादव एवं अन्य सदस्यो द्वारा यह खेल का आयोजन कराया जा रहा है।

### निगमायुक्त ने खाामियां देख जताई नाराजगी

कटनी। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत मसुरहा घाट में वाटर बॉडी रिज्यूवेशन के तहत 1.08 करोड़ रूपये की लागत से कराए जा रहे पिचिंग, घाट मरम्मत, पाथवे निर्माण, सीढ़ियों में कराए गए स्टोन वर्क सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीढियों के कुछ स्थलों पर पिचिंग के पत्थर निकलने, सीढियों के स्टोन टूटने तथा स्टोन के बीच गैप होनें, व साईज की सीढियों में स्टोन का कार्य शेष होने पर नाराजगी व्यक्त की जाकर समस्त कार्यों में सुधार लानें के साथ ही शेष कार्यों को मानक गुणवत्ता के साथ शीध्र पूर्ण करानें के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने घाट में की सीढियों एवं आसपास के स्थल में समुचित सफाई करानें हेतु अधिकारी को निर्देश दिये।

### झिरमिला टीम को हराकर टिकरिया ने जीता मैच

सिलौंडी। सिलौंडी में विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के शुभारंभ में भाजपा जिला मंत्री डॉक्टर प्रशांत राय, सरपंच पंचों संतोष कुमार, मंडल मंत्री सोनल मिश्रा प्रिंसिपल रतिराम अहिरवार, संतोष काछी, सौरभ सेन , सभी अतिथियों ने फीता काटकर शुरुवात किया है। पहला मैच टिकरिया बघराजी और झिरमिला के बीच 12 12 ओवर का खेला। झिरमिल की पूरी टीम सिर्फ 48 रन ही बना सकी। जवाबी पारी में टिकरिया ने 50 रन 8 ओवर बनाकर मैच जीत लिया। भाजपा जिला मंत्री डॉक्टर प्रशांत राय ने बताया ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहन देने विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता का हर वर्ष आयोजन होता है ।इस दौरान सतीश काछी अमहेटा , रिंकू राय ,प्रवीण काछी अतरसुमा,बैजू दाहिया,सोशल मीडिया प्रभारी धीरज जैन की मौजूदगी रही है

### गोदाम में भंडारित 750 क्विंटल धान निकासी पर रोक

कटनी। गोदामों में अवैध रूप से भंडारित धान के भौतिक सत्यापन करने के संबंध में कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में बुधवार को संयुक्त जांच दल ने बुधवार को ग्राम देवरी टोला स्थित दीपक राइस मिल कि जांच की। जांच के दौरान परिसर में लगभग 750 क्विंटल धान का भंडारण पाया गया। मौके पर भंडारित धान की निकासी पर 20 जनवरी तक रोक लगा कर संचालक दीपक फेरवानी को आवश्यक निर्देश दिये गये।

## जिला चिकित्सालय में कलेक्टर का औचक निरीक्षण, डॉक्टर-स्टाफ नदारद, नोटिस जारी

# अव्यवस्थाओं पर भड़कीं कलेक्टर, सिविल सर्जन को लगाई कड़ी फटकार





डिंडौरी। जिले की आम जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने शुक्रवार सुबह 11 बजे जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में ओपीडी कक्ष, डॉक्टर कक्ष, इमरजेंसी कक्ष, दवा वितरण कक्ष, प्रसूति कक्ष, एनआरसी कक्ष, सिटी स्कैन सेंटर, एक्स-रे सेंटर, लैब कक्ष, आयुष्मान कार्ड कक्ष, महिला वार्ड, दंत चिकित्सा कक्ष, मानसिक रोग विशेषज्ञ कक्ष, सिविल सर्जन कार्यालय का निरीक्षण किया। जहां पर देखा कि सिविल सर्जन एवं कई डॉक्टर अपनी जिम्मेदारी से नदारत रहे।

**नोटिस जारी करने के दिए निर्देश**

कलेक्टर स्वयं प्रत्येक डॉक्टर कक्ष, ओपीडी में डॉक्टर उपस्थिति रजिस्टर चेक कर अनुपस्थित चिकित्सक डॉ. धनराज, डॉ. सुरेश मरावी, डॉ. मिनी मोरवी, डॉ. शिवम, सिविल सर्जन डॉ. अजय राज, डॉ. रंगारे, डॉ. अमित जैन, बीएमओ डॉ. कमलेश राज एवं अस्पताल प्रबंधक योगेन्द्र उइके को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत गोयरा के सूरज लाल पैरों की इलाज हेतु पुरुष वार्ड में विगत चार दिनों से भर्ती रहे। जिन्हें वार्ड में कोई इलाज एवं डॉक्टर का राउंड न होने के कारण वो वार्ड से घर जा रहे थे इसी दौरान कलेक्टर से मुलाकात हुई जहां उन्होंने बताया कि मैं चार दिन से पुरुष वार्ड में भर्ती हूं परन्तु आज तक कोई डॉक्टर राउंड में न आने से मैं घर जा रहा हूँ तब कलेक्टर ने समझाया और डॉक्टर को तुरंत बुलाकर इलाज करवाया और जब तक स्वास्थ्य ठीक न हो जाए अस्पताल में भर्ती रहने की सलाह दी।आयुष्मान कक्ष में ताला बंद करने के निर्देश निरीक्षण के दौरान श्रीमती दीपाली खांडे अपने 9 माह के बच्चे को वैक्सीन लगवाने हेतु पांच दिन से भटक रही थी। परन्तु वैक्सीन प्रभारी नीलम दुबे एएनएम अपने कक्ष में न होने के कारण मरीज परेशान होते रहे। जिन्हें कलेक्टर ने हॉस्पिटल मैनेजर योगेन्द्र उईके को फोन लगाकर तत्काल बुलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड कक्ष का भी निरीक्षण किया जहां पर एक कंप्यूटर वर्कर के अलावा कोई नहीं पाया गया। उनसे पूछने पर बताया कि अभी कोई आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं और शाखा प्रभारी अनुपस्थित रहने पर कोई संतोषजनक जवाब न मिलने पर हॉस्पिटल मैनेजर को आयुष्मान कक्ष बंद कर ताला लगाने के निर्देश दिए।

**सिविल सर्जन नहीं निभा रहे अपनी जिम्मेदारी**

निरीक्षण के दौरान हॉस्पिटल में केवल आम जनता की भीड़ को देखते हुए कलेक्टर ने मैनेजर को सिविल सर्जन को फोन कर तत्काल बुलवाया। सिविल सर्जन डॉ. अजय राज से अनुपस्थित रहने का कारण पूछा और कहा कि गरीब आम जनता आपके भरोसे स्वास्थ्य के लिए आते हैं परन्तु अपनी कर्तव्य जिम्मेदारी से नहीं निभा रहे हैं। और न ही अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की स्थिति दयनीय है। और फटकार लगाते हुए अनुपस्थित सभी डॉक्टरों पर कार्यवाही प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वहीं पर हास्पिटल में निर्माणाधीन कार्य का भी निरीक्षण किया जहां पर सब इंजीनियर सुरूचि परोते ने बताया कि एनआरसी कक्ष एवं पानी निकासी नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया जहां पर उन्हें अपना प्रतिवेदन तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

**मरीजों का नहीं मिल रहा समय पर उपचार**

कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केन्द्र का भी निरीक्षण किया जहां पर तीन बच्चे एवं पालक से मुलाकात कर कलेक्टर ने पोषण आहार एवं उनकी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अपने बच्चों की देखभाल करने की सलाह दी। वहीं पर रीता इटोरिया नाम की पालक महिला से चर्चा की उन्होंने बताया कि हम अमरपुर से तीन दिन पहले आए हैं और हमारे बच्ची की स्वास्थ्य में सुधार हुआ है बच्ची का वजन तीन किलो से चार किलो हो गई है। वहीं पर सब इंजीनियर को साफ सफाई एवं व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। वहीं पुर्नवास केन्द्र में रखी मेडीसिन को कलेक्टर ने एक्सपायरी डेट का अवलोकन किया और मौजूद स्टाफ नर्स को नियमित रूप से बच्चों की देखभाल करने के निर्देश दिए। और किसी प्रकार की दिक्कत आने पर आप व्यक्तिगत मोबाइल पर सीधा संपर्क कर सकते हैं। वहीं पर निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड में ग्राम पंचायत धुर्रा चूड़ामणि गवले जिनके गिरने से कमर के इलाज हेतु कल डॉक्टर ने सिटी स्कैन करने के लिए कहा, सीटी स्कैन रिपोर्ट में सुबह से घूम रहा हूँ परन्तु डॉ. अमित जैन नदारत हैं। जिस पर कलेक्टर ने अस्पताल प्रबंधक को फटकार लगाई। बीएमओ कार्यालय का भी निरीक्षण के दौरान बीएमओ डॉ. कमलेश राज अनुपस्थित पाई गई। कलेक्टर ने फोन लगाकर डॉक्टर को फटकारा बोली अपनी जिम्मेदारी का सही तरीके से निर्वहन करें। कलेक्टर ने सीएमएचओ, सिविल सर्जन को सख्त निर्देश दिए कि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो और मरीजों को बेहतर इलाज मिले।

## बर्तन राशि शिक्षकों के खाते में डालने पर रोक की मांग, महिला स्व सहायता समूहों ने सौंपा ज्ञापन



डिंडौरी। बर्तनों की राशि समूहों को न देकर सीधे शिक्षकों के खाते में डाले जाने पर रोक लगाने की मांग प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ डिंडौरी द्वारा कलेक्टर से की गई है। इस बाबत शुक्रवार को महासंघ द्वारा तहसीलदार डिंडोरी को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में लेख किया गया कि स्व सहायता समूहों की राशि चार माह से नहीं मिली हैं, जिसके कारण दुकानदारों से कर्ज लेकर मध्यान्ह भोजन का संचालन किया जा रहा है इस कारण समूहों की दीदियों पर दुकानदारों का कर्ज हो गया है। ऐसी स्थिति में स्वयं के लिये भी खाने की व्यवस्था नहीं हो पा रही हैं, साथ ही दीदियों को अतिशीघ्र मानदेय प्रदान किया जाए, इसके अतिरिक्त बर्तनों की राशि स्व सहायता समूहों के खाते में डाली जाती थी, जो अब सीधे शिक्षकों के खाते में डाली जा रही है। शिक्षकों को बर्तनों की आवश्यकता ही नहीं पड़ती है, जबकि समूहों की बहनों को ही बर्तनों की आवश्कता पड़ती है। महिलाएं आवश्यता अनुसार बर्तन खरीदती थी लेकिन अब षिक्षकों के खाते में राषि आवंटित करने से षिक्षक आवष्यकतानुसार बर्तन खरीदने में आनाकानी करते हैं। ज्ञापन में लेख किया गया है कि स्व सहायता समूह की रसोइयो का भी मानदेय दिए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दरमियान जिला प्रभारी आशा राकेश चैधरी, जिला सचिव हेमवती सोनवानी, जिला अध्यक्ष संतोषी परस्ते, महामंत्री मंगली बाई, रजनी बाई उईके, सावित्री यादव, अनीता बाई खैरवार, श्यामा बाई, रजिया बेगम समेत महिला स्व सहायता समूह भूरसी बजाग, पडरिया समनापुर, नारायणडीह डिंडोरी, सुनपुरी बजाग समेत अन्य विकासखंड से स्व सहायता समूह की अध्यक्ष और सचिव बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

# किसानों ने प्रशासन को दिखाया आईना, दो साल की मेहनत से खेतों तक पहुंचाया पानी



डिंडौरी। एक तरफ डिंडोरी जिले में नहर निर्माण के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद किसानों को आज भी सिंचाई के लिए पानी नसीब नहीं हो पा रहा है, वहीं दूसरी तरफ डिंडोरी के किसानों ने अपनी मेहनत और जज्बे से प्रशासन को आईना दिखा दिया है। दरअसल, किसानों ने लगातार दो साल तक कड़ी मेहनत की और जंगल के रास्ते अपने खेतों तक पानी पहुंचाने में सफलता हासिल की है। यह मामला समनापुर विकासखंड के किकरझिर गांव का है, जहां पहले किसानों को सिंचाई के लिए एक एक बूंद पानी के लिए जद्दोजहद करना पड़ता था , लेकिन अब खेतों में भरपूर सिंचाई हो रही है और फसल की पैदावार भी बेहतर हो रही है। किसानों ने बताया कि पानी की तलाश उनके पूर्वजों ने वर्षों पहले शुरू की थी। उस दौरान सर्वे भी हुआ, लेकिन आधे रास्ते तक ही काम सीमित रह गया। इसके बावजूद किसानों ने हार नहीं मानी। उन्होंने जंगल के एक नाले से पानी लाने की पहल की और धीरे-धीरे श्रमदान के जरिए करीब दो किलोमीटर दूर तक पानी की व्यवस्था कर दी। आज हालात यह हैं कि पानी पहुंचने से दर्जनों किसानों की सैकड़ों एकड़ जमीन में सिंचाई हो रही है और किसानों के चेहरे पर खुशहाली लौट आई है, यह किसानों की मेहनत की मिसाल है, बल्कि यह सवाल भी खड़ा करती है कि जब किसान अपने दम पर इतना कर सकते हैं, तो फिर सरकारी योजनाएं जमीन पर क्यों नहीं उतर पा रही हैं।

# 15 सूत्रीय मांगों को लेकर लघु वेतन कर्मचारी संघ का धरना




डिंडौरी। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ ने अपनी लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण के लिए संघ के जिला जिलाध्यक्ष प्रकाश सिंह चंदेल के नेतृत्व में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट तिराहा स्थित रानी दुर्गावती गार्डन में 15 सूत्रीय मांगों के लिए चौथे चरण का आंदोलन किया गया। श्री चंदेल ने बताया गया कि भृत्य का नाम परिवर्तन कर कार्यालय सहायक, नियमित कर्मचारियों का ग्रेड पे में संशोधित कर 1300 के स्थान पर 1800 किये जाने, दैनिक वेतन भोगियों को स्थाई कर्मी किया जाना एवं स्थाई कर्मियों को नियमित किया जाना, नियुक्त तिथि से वरिष्टता का लाभ दिया जाना, अंशकालीन कर्मचारियों को दैनिक वेतनभोगी का दर्जा दिया जाना, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका को शासकीय कर्मचारी घोषित करने समेत ग्राम रक्षकों कोटवार को नियमित सेवा का दर्जा दिया जाना, आउट सोर्स कर्मचारियों के लिए एक आयोग गठित कर ठेका प्रथा समाप्त कर नियमित सेवा का अवसर प्रदान करे की मांग की जा रही है। अन्य मांगों में कर्मचारियों को वर्दी धुलाई भत्ता 50 रुपए से बढ़कर 200 रुपये प्रति माह करना और सभी कर्मचारियों को एक जनवरी 2016 से सातवें वेतन मान का लाभ देना शामिल है। इस दौरान संघ पदाधिकारियों द्वारा आंदोलन की रूप रेखा बताई गई, इसके तहत पांचवें चरण में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और 6 वें चरण में 29 जनवरी को पत्रकार वार्ता का आयोजन किया जाएगा। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुई तो 7 वें चरण में 21 फरवरी भोपाल में विशाल धरना प्रदर्शन और आम सभा आयोजित की जाएगी। यदि शासन ने 15 सूत्रीय मांगों पर शीघ्र निराकरण करने का निर्णय नहीं लिया तो प्रदेश भर में आंदोलन को और तेजी से किया जाएगा। आंदोलन के दौरान संभागीय सचिव मिहीलाल धुर्वे, जिला सचिव अशोक यादव, जिला मीडिया प्रभारी मंयक उद्देसिया, जिला उपाध्यक्ष तेजना ब्यौहार, ब्लाक अध्यक्ष मेहंदवानी अनिल मरावी, मनोज यादव, श्याम उईके, गणेश धार्वे, गणेश भलावी, गोविंद सिंह मरावी, सतीष कुमार बर्मन, अमरलाल धुर्वे, सेम लाल, देवीदीन यादव, हरिलाल मरावी, मकरंद परस्ते, संतोषी चंद्रोल, सरिता धुर्वे, द्रोपदी मरावी एवं सभी विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत में महिला को नहीं मिल रहा है मजदूरी का काम

डिंडौरी। जनपद पंचायत बजाग अंतर्गत ग्राम पंचायत गन्नागूढा में रोजगार गारंटी के तहत संचालित कार्यों में एक महिला को मजदूरी का कार्य नहीं मिल रहा है। जिसकी शिकायत महिला ने विगत दिन कलेक्टर कार्यालय में की है। नीमा बाई पति श्याम लाल कोल ने दिये गये आवेदन में बतलाया कि ग्राम पंचायत अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों में उसे मजदूरी का कार्य नहीं मिल रहा है उसने बतलाया कि वह परिवार में अकेली है आय का कोई स्रोत नहीं है। मजदूरी करके ही वह अपना जीवन यापन कर रही है, लेकिन ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा उसे मजदूरी का कार्य नहीं दिया जा रहा है जिससे आर्थिक तंगी का सामना करना पड रहा है।

# किसान सम्मान निधि दिलाये जाने की किसान ने लगाई गुहार



डिंडौरी। सरकार की कल्याणकारी पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिलने से परेशान किसान ने विगत दिनों कलेक्टर कार्यालय में आवेदन देकर लाभ दिलाये जाने की गुहार लगाई है। तहसील डिंडोरी अंतर्गत मक्के निवासी किसान जयसिंह पिता बुद्धू ने आवेदन में लेख किया है कि मेरी अधिपत्य की भूमि ग्राम मक्के में स्थित है जिसका खसरा नम्बर 28/1, 152/2 और 188 जिसका रकवा क्रमश 1.207, 0.25, और 2.61 हेक्टेयर है जिसमें कृषि कार्य किया जा रहा है। योजना शुरू होने के बाद मेरे द्वारा ग्राम पंचायत में आवेदन दिया गया था लेकिन मुझे योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, ऐसी दषा में कृषि कार्य करने में परेशानी आ रही है। किसान ने योजना का लाभ दिलाये जाने की मांग की है।

## वीर बाल दिवस पर नर्मदांचल विद्यापीठ, बरगांव के विद्यार्थियों का दो दिवसीय शैक्षिक भ्रमण




डिंडौरी। वीर बाल दिवस के अवसर पर नर्मदांचल विद्यापीठ, बरगांव द्वारा विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण 25 एवं 26 दिसंबर 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 25 दिसंबर 2025 को विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी एवं चिड़ियाघर ले जाया गया। वहाँ विद्यार्थियों ने सफारी भ्रमण के दौरान बाघ, शेर, हिरण सहित अनेक वन्य जीवों को नजदीक से देखा। इस दौरान बच्चों को वन्य जीवन, जैव विविधता एवं पशु संरक्षण के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। सभी विद्यार्थी इस अनुभव से अत्यंत प्रसन्न एवं उत्साहित नजर आए। 26 दिसंबर 2025 को विद्यार्थियों को धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थल मैहर माता रानी के दर्शन कराए गए। इसके साथ ही आल्हा-ऊदल मंदिर के भी दर्शन किए गए। धार्मिक वातावरण में बच्चों ने श्रद्धा भाव से दर्शन किए एवं यात्रा का भरपूर आनंद लिया। इस दो दिवसीय शैक्षिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण से विद्यार्थियों के ज्ञान, अनुभव और संस्कारों में वृद्धि हुई। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में यह भ्रमण पूर्णतः सुरक्षित, अनुशासित एवं सफल रहा।

# शहपुरा आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया गया वीर बाल दिवस



शहपुरा-डिंडोरी। कलेक्टर अंजू भदोरिया एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्याम सिंगौर के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना शहपुरा अंतर्गत सेक्टर शहरी शहपुरा के आंगनबाड़ी केंद्रो में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं वीर बाल दिवस पर आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एलईडी के माध्यम से दिखाया गया कार्यक्रम में नगर के हितग्राही एवं आंगनबाड़ी के नन्हे मुन्ने बच्चे सम्मिलित हुए कार्यक्रम के दौरान सेक्टर सुपरवाइजर प्रतिभा साहू ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि 25 दिसंबर से 31 दिसंबर के बीच आज से 300 वर्ष पूर्व सिख धर्म के दसवे और अंतिम गुरु गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादे देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए थे गुरु गोविंद सिंह के दो बड़े बेटे अजीत सिंह और जुझार सिंह चमकौर के युद्ध में लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए और उनके दो छोटे साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेहसिंह को सरहिंद के नवाब ने जिंदा दीवार पर चुनवा दिया था गुरु गोविंद सिंह के बच्चों ने अपना मरना स्वीकार किया परंतु अपने धर्म को नहीं छोड़ा और देश और धर्म की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए आज ऐसे देश के वीर सपूतों को नमन है जिनकी याद में आज हम सभी यहां पर वीर बाल दिवस कार्यक्रम मना रहे हैं कार्यक्रम के दौरान परियोजना अधिकारी विपिन डहरिया समाजसेवी गिरजा कारपेंटर पार्षद सुरेंद्र साहू एवं देवेंद्र वनवासी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका वार्ड के नागरिक गण उपस्थित रहे।

# कपिलधारा कूप योजना में गबन का आरोप



डिंडौरी। जनपद पंचायत मेंहदवानी अंतर्गत ग्राम पंचायत परापानी के सचिव पर कपिलधारा कूप के हितग्राही ने राषि हड़पने के आरोप लगाये हैं। विगत दिन कलेक्टर कार्यालय में दिये गये आवेदन में हितग्राही नरेश राम पिता चैन सिंह निवासी परापानी ने लेख किया है कि वर्ष 2023-24 में उसके नाम पर कपिलधारा कूप की स्वीकृति मिली थी जिसकी लागत 331156 रुपये थी, जिसका निर्माण कार्य 2025 में पूर्ण कर लिया गया है। कूप उत्खनन के लिए जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया था जिसका किराया 45430 रुपये एवं कूप से पानी निकासी के लिए डीजल पंप लगाया गया था जिसका किराया 5000 रुपये होता है। जिसका भुगतान संबंधित जेसीबी एवं डीजल पंप मालिक को किया जाना है लेकिन सचिव अर्जुन सिंह मरावी द्वारा राशि का आहरण करने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया और राशि का गबन कर लिया गया है। शिकायतकर्ता ने जनपद अध्यक्ष पर भी सचिव के साथ मिलीभगत करने का आरोप लगाया है।

## रानी अवंती बाई कला संश्रय संस्था के द्वारा क्विज प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

डिंडौरी। मां नर्मदा ज्ञान ज्योति माध्यमिक विद्यालय प्राचीन डिंडोरी में शुक्रवार को रानी अवंती बाई कला संश्रय संस्था के द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रानी अवंती बाई के वंशज श्रीमती सील महदेल के नेतृत्व में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शाला के लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया संस्था की ओर से बच्चों को काफी पेन प्रदान किया गया। संस्था के प्रचारक पारस कुमार उचेहरा नरेंद्र कुमार श्रीमती आरती पाराशर कुमारी ललिता मरावी सोनिया मसराम निर्मला मसराम लक्ष्मी उचेहरा राजकुमारी धुर्वे एवं श्रीमती रेखा कुशवाहा कुन्ती गौतम विजय कुमार कार्यक्रम के दौरान आयोजकों द्वारा अपने उद्बोधन में रानी अवंती बाई की जीवन गाथा बताई विद्यार्थियों को विस्तार से बतलाया गया कि रानी अवंती बाई ने किस तरह अंग्रेजों को लोहे के चने चबाये थे।

## सूअर बम फटने से बालक घायल, चरवाहे बच्चे का पैर बुरी तरह जख्मी



शहपुरा। डिंडोरी जिले के मानिकपुर क्षेत्र अंतर्गत ददरा राइस मिल के पास उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब बकरी चराने गया एक बालक सूअर बम की चपेट में आ गया। बताया जा रहा है कि बालक बकरियां चरा रहा था, इसी दौरान जमीन में पड़ा सूअर बम अचानक उसके पैर के नीचे आ गया और विस्फोट हो गया। विस्फोट की चपेट में आने से बालक का पैर गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर मौजूद लोगों ने परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही माता-पिता तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल बालक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों द्वारा बालक का उपचार जारी है।घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने जंगल और खेतों के आसपास इस तरह के खतरनाक सूअर बम लगाए जाने पर नाराजगी जताते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## बरगांव में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन



शहपुरा डिण्डौरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप 26 दिसंबर 2025 को वीर बाल दिवस पूरे देश में मनाया गया। इसी क्रम में गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल बरगांव में वीर बाल दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय राजा साहू, मंडल मंत्री भाजपा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य रोशन झारिया ने की। इस अवसर पर शिक्षक मूलचंद साहू, नरेंद्र साहू, देवेंद्र साहू, योगराज बरमैया सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्रों ने वीर बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और साहिबजादों के बलिदान की जानकारी साझा की। छात्रों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिन्हें उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने सराहा।अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि वीर बाल दिवस बच्चों में साहस, त्याग और देशभक्ति की भावना विकसित करने का माध्यम है। उन्होंने छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों ने किया एम.आई.एम.टी. कॉलेज का शैक्षणिक भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के आदेशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति से स्कूली विद्यार्थियों को अवगत कराने तथा उनके कैरियर काउंसलिंग की दिशा में शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय तेन्दूखेड़ा के विद्यार्थियों के दल ने एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। उल्लेखनीय है कि कक्षा 09 वीं से 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कैरियर काउंसलिंग कैंप में प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम को छात्र उपयोगी बताते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। शिक्षा संकाय विभागाध्यक्ष डॉ. दीपिका शर्मा ने विषय चयन, विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रम, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां आई.टी. क्षेत्र में रोजगार के अवसर, सेल्फ स्टार्टअप तथा कौशल विकास हेतु विस्तार से प्रकाश डाला। सहा. प्राध्यापक शिशिर मिश्रा द्वारा डिजीटल मार्केटिंग, ए.आई., ई-कॉमर्स, जावा स्क्रिप्ट, चैट जी.पी.टी., गेम डेवलपर, यूट्यूबर्स, सॉफ्टवेयर एडिटर तथा कैरियर गाइडेंस के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन सहा. प्राध्यापक श्रीमती आराधना दुबे एवं आभार सहा. प्राध्यापक हेमराज सेन द्वारा किया गया। विद्यार्थियों को संस्था भ्रमण के दौरान पुस्तकालय, बॉटनी, जूलॉजी, रसायनशास्त्र, भौतिकशास्त्र एवं कम्प्यूटर साइंस प्रयोगशालाओं में प्रायोगिक उपकरणों की जानकारी दी गई। उक्त अवसर पर विभागाध्यक्ष श्रीमती अनीता रघुवंशी, आई.टी. ऑफीसर प्रसून नेमा, श्रीमती प्रियंका पाठक एवं शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय तेन्दूखेड़ा की दल प्रभारी शिक्षक जितेन्द्र कुमार पलिया, अपूर्व जैन, सूरत चैधरी, दीपक चढ़ार, अभिषेक कुमार, लाभम जैन, राघवेन्द्र पटेल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रहीं।

### राजनैतिक मर्यादा व सुचिता में प्रथम स्थान अटल जी काः मंत्री श्री पटेल



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्मशताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर अटल स्मृति पर्व विधानसभा संगोष्ठी का आयोजन जनपद पंचायत स्थित उनकी प्रतिमा के पास किया गया। कार्यक्रम पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल के मुख्य आतिथ्य में जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक की अध्यक्षता में व पूर्व राज्यसभा सांसद केलाश सोनी, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल, महेन्द्र नागेश, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति काकोड़िया, उपाध्यक्ष अनीता ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज पार्टी पदाधिकारियों जनप्रतिनिधियों व मंडल अध्यक्षों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया तत्पश्चात आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल ने कहा कि 20वीं शताब्दी में हुए कई महापुरूषों में से एक महापुरूष अटल जी हैं जिन्हे निष्काम कर्मयोगी प्रखर राष्ट्रवादी दूरदृष्टया विकास पुरूष संसदीय जीवन में राजनैतिक मूल्यों की स्थापना के लिए जाना जाता है जिस कारण विरोधी भी उनका सम्मान करते थे। भारतीय राजनीति में जब भी राजनैतिक मर्यादाओं व सुचिता की बात की जाएगी प्रथम स्थान अटल जी का रहेगा।

# मंडी प्रशासन की मनमानी का दंश झेल रहे किसान

### व्यापारियों से दोस्ती निभा रहे जिम्मेदार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला कृषि प्रधान है परन्तु जिले के किसानों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। किसानों को हर ओर से समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है परन्तु प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है जिस कारण उनकी समस्याएं कम होने का नाम नही ले रही है। ऐसा ही मामला जिला मुख्यालय का सामने आया जहां पर कृषि उपज मंडी में किसानो को परेशानी का सामना करन पड़ रहा है। पूरी मंडी परिसर को व्यापारी अपनी संपत्ति समझ कर कब्जा किए हुए है नियम कानून ताक पर रखकर व्यापारी अपने अनुसार मंडी चला रहे हैं जिसके कारण किसान अनेकों दुर्दशाओं का सामना करते है विगत दो माह से मक्के की खरीदी की जा रही है मंडी परिसर में 6 सेट बने हुए हैं जिसमें पर्याप्त जगह है यदि मंडी के नियम अनुसार खरीदी किए गए अनाज का 24 घंटे या समस्याओं के चलते अधिकतम 48 घंटे में भी खरीदे गए अनाज का परिवहन कर लिया जाए तो परिसर खाली रहेगा कोई समस्या भी नहीं होंगी लेकिन व्यापारियों को जब तक उचित भाव या उनके अनुरूप व्यवस्था नहीं मिलती तब तक खरीदी किया गया अनाज परिसर में ही बिना किसी शुल्क दिए रखा जाता है मंडी परिसर में वर्तमान में विगत 3 माह पूर्व की गई खरीदी का अनाज आज तक रखा हुआ है।






### प्रशासन को किया जा रहा गुमराह

किसानों को हो रही समस्याओं को जब मीडिया के द्वारा सार्वजनिक करते ही मंडी प्रशासन जागा आनन फानन में व्यापारियों को परिसर खाली करने को कहा गया। विषय जब जिला कलेक्टर तक पहुंचा तो मंडी समिति सचिव द्वार कलेक्टर को गुमराह कर दिया गया मंडी सचिव ने कलेक्टर से कहा की मंडी परिसर छोटा है आवक ज्यादा है जो जगह स्वीकृत पड़ी है उस पर प्रांगड़ बन जाए तो समस्या हल हो जाएगी। लेकिन जिम्मेदार यह भूल रहे हैं कि इससे अधिक अनाज की खरीदी पूर्व में इसी परिसर में हुई है उस समय मंडी की नियम शर्ते लागू हुआ करती थी जिससे स्थिति सामान्य रहती थी जब आप बिना किसी शुल्क लिए दंडात्मक कार्यवाही करने के बजाह मंडी की व्यस्था व्यापारियों को सौंप कर रखोगे तो कितना भी बड़ा परिसर क्यों ना हो जाए हालात तो यही रहेंगे।

### एस डी एम ने देखे हालत होगी वसूली

किसानों की उक्त समस्या को लेकर समाचार प्रकाशन के बाद जिम्मेदार अधिकारियों की नीद खुली और मंडी पहुंचे। गुड़ बेचने आए किसानों द्वारा किए गए हंगामे के चलते मंडी प्रशासक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मणिन्द्र सिंह मंडी परिसर पहुंचे पूरा अवलोकन किया सभी जगह अराजकता देखी तत्काल परिसर को खाली करने का आदेश दिया साथ ही दबंग व्यापारियों से शुल्क वसूली करने की बात भी कही। लेकिन अब देखना होगा समिति आदेश का कहा तक पालन करती है। जिस तरीके से खरीदी हो रही है और जिस मात्रा में भंडारण किया गया है उस भंडारण का यदि विगत दो माह का भी अगर मंडी समिति शुल्क वसूली करती है तो करोड़ों रुपए मंडी फंड में राशि जमा हो जाएगी। इस तरह की कार्यप्रणाली को लापरवाही कहे या मिलीभगत कुछ भी हो शासन का तो बदनामी के साथ शासकीय राजकोष पर भी असर पड़ रहा है।

### प्रशासनिक भ्रष्टाचार के संकेत

कृषि उपज मंडी के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों द्वारा व्यापारियों को बढ़ावा देना व नियमों के विरूद्ध कार्य करने की छूट देना तथा व्यापारियों को अपने अनुसार मंडी का संचालन किया जाना जिसके कारण शासन को करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है आखिर इतनी रहमत समिति के द्वारा क्यों बरसाई जा रही है जहां करोड़ों रुपए की परवाह नहीं की जा रही हो, इससे यह प्रतीत होता है की यह सब मिलीभगत से समिति और व्यापारी काम कर रहे है जिसका खामियाजा शासन को करोड़ों रुपए गंवाकर चुकाना पड़ रहा है विषय गंभीर है उच्च स्तर पर जॉच होनी चाहिए, जो शासन को करोड़ों रुपए की चपत लगा रहे हैं उन पर उचित कार्रवाई होनी चाहिए चाहे वह समिति का कर्मचारी हो या व्यापारी। उक्त मामले को देखने के बाद ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मंडी प्रशासन व्यापारियों के साथ दोस्ती निभा रहा है।

### इनका कहना है

मंडी परिसर की जगह कम है एवं अनाज की आवक अधिक है। आसपास जो भूमि खाली पड़ी हुई है उसकी स्वीकृति की कार्रवाई प्रचलित है। व्यापारियों को परिसर खाली करने बोला गया है।

**श्रीमती रजनी सिंह, कलेक्टर**

### बरहटा स्कूल में मनाया गया वीर बाल दिवस



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में वीर बाल दिवस के अवसर पर श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के साहिबजादों के बलिदान को याद किया गया। इस दौरान प्राचार्य शैलेन्द्र बक्शी ने गुरु गोबिंद सिंह और उनके चारों साहिबजादों के छवि चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। विद्यालय के उच्च माध्यमिक शिक्षक तरुवर पटेल ने प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि यह दिवस खालसा के चार साहिबजादों - अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह - के बलिदान को याद करने के लिए समर्पित है। अंतिम सिख गुरु गोबिंद सिंह के इन युवा पुत्रों ने अपनी आस्था की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। उन्होंने विशेष रूप से जोरावर सिंह और फतेह सिंह की निर्मम शहादत का उल्लेख किया। इस्लाम धर्म स्वीकार न करने पर उन्हें कथित तौर पर 8 और 5 साल की छोटी उम्र में जिंदा दफन कर दिया गया था। इस दौरान वीर बाल दिवस विद्यार्थियों को डिजिटल मूवी भी दिखाई गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकों सुनील दीक्षित, गनी मोहम्मद, भागचंद झरिया, शंकर राजभर, गणेश अहिरवार, फिरोज खान, शरद गुप्ता, जेपी कोरी, अभिभावकों में हर्ष गुप्ता , संगीता नामदेव और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### युवा कांग्रेस ने किया पुतला दहन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अमानवीय हमलों के विरोध में शुक्रवार को जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विवेक पटेल के नेतृत्व में सुभाष पार्क चैराहा पर बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन किया गया। उक्त विरोध प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता चंद्रप्रकाश यादव, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष धनीराम पटेल, पार्षद बॉबी खान, पार्षद मुकेश कटारे, रोहित पटेल, अतुल चैरसिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। उक्त प्रदर्शन में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विवेक पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार को तुरंत बांग्लादेश पर कार्रवाई करना चहिए। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार मानवता पर कलंक हैं। कांग्रेस पार्टी हमेशा से न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी पीड़ितों की आवाज मजबूती से उठाती रहेगी। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन कर इस घटना की तीव्र निंदा की और भारत सरकार से सुरक्षित हिन्दुओं को भारत बापिस लाने की मांग की।

### करकबेल रेलवे कर्मचारियों के लिए प्राथमिक उपचार शिविर एवं स्वास्थ्य कार्यशाला हुई आयोजित



**गोटेगांव।** समीपवर्ती विगत दिवस करकबेल रेलवे स्टेशन पर रेलवे चिकित्सक डॉक्टर आर.आर. कुर्रे के मार्गदर्शन में रेलवे कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर के दौरान डॉक्टर कुर्रे ने कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति में जीवन रक्षा के गुर सिखाए और स्वस्थ रहने के लिए महत्वपूर्ण हेल्थ टिप्स साझा किए। उन्होंने विशेष रूप से ट्रैक मैन साथियों को रात्रि कालीन पेट्रोलिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉक्टर कुर्रे ने कर्मचारियों को सचेत करते हुए बताया कि कड़ाके की ठंड में रात्रि ड्यूटी के दौरान शरीर हाइपोथर्मिया (शरीर का तापमान अत्यधिक कम होना) का शिकार हो सकता है, जो स्वास्थ्य के लिए घातक है। इससे बचाव के लिए उन्होंने कर्मचारियों को समय-समय पर गरम पानी पीकर शरीर का तापमान नियंत्रित रखने की सलाह दी। साथ ही सुरक्षित कार्यप्रणाली पर जोर देते हुए उन्होंने सभी को ग्लव्स और आवश्यक सेफ्टी गार्ड पहनकर ही पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए ताकि सुरक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य भी बरकरार रहे।

# कागजों में सिमट कर रह गया हरियाली सड़क किनारे हुआ था पौधारोपण, ट्री-गार्ड भी हुए धराशायी

### हरियाली लाने के दावे धरातल पर पूरी तरह खोखले साबित हो रहे

**गोटेगांव।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय योजनाओं के नाम पर हरियाली लाने के दावे धरातल पर पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं। इसकी प्रत्यक्ष बानगी ग्राम देवनगर से बगासपुर और सहजपुर से देवनगर पुराना तक जाने वाली सड़कों पर साफ देखी जा सकती है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत इन सड़कों के डामलीकरण के पश्चात करीब 3 साल पहले बड़े स्तर पर पौधारोपण कार्य कराया गया था। लेकिन वर्तमान स्थिति यह है कि देखरेख के अभाव में एक भी पौधा जीवित नहीं बच पाया है और पौधों की सुरक्षा के लिए लगाए गए ट्री-गार्ड भी अब दुर्दशा का शिकार होकर टूट चुके हैं। निर्माण कार्य के दौरान संबंधित ठेकेदार द्वारा ईंटों के ट्री-गार्ड बनाकर पौधों की सुरक्षा का दावा किया गया था, परंतु रखरखाव की जिम्मेदारी किसी ने नहीं निभाई। आज हालात यह हैं कि अधिकांश पौधे सूखकर खत्म हो चुके हैं और ट्री-गार्ड सड़क किनारे मलबे की तरह बिखरे पड़े हैं। इस योजना में पौधारोपण के नाम पर खर्च की गई लाखों की राशि पूरी तरह व्यर्थ चली गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सूखे पौधों की जगह नए पौधे रोपे जाते और उनकी सिंचाई की व्यवस्था होती, तो आज यह मार्ग हरा-भरा होता। लापरवाही और अनदेखी के चलते हुई इस बर्बादी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है और वे पौधारोपण के जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



# रेलवे कॉलोनी का बाल उद्यान में असामाजिक तत्वों और शराबियों का जमावड़ा

**गोटेगांव।** नगर के श्रीधाम रेलवे कॉलोनी में कर्मचारियों के बच्चों के मनोरंजन के लिए बनाया गया बाल उद्यान विभागीय अनदेखी के कारण आज कबाड़ में तब्दील हो चुका है। तत्कालीन डीआरएम द्वारा बड़े उत्साह के साथ इस उद्यान का उद्घाटन किया गया था ताकि कॉलोनी के बच्चे यहां खेल सकें, लेकिन वर्तमान में स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत है। उचित देखरेख और साफ-सफाई न होने से उद्यान का मैदान कचरे के ढेर और बड़ी-बड़ी घास-फूस से भर गया है। उद्यान में बच्चों के लिए लगाई गई फिसल पट्टी और झूले जंग खाकर टूट चुके हैं, वहीं बैठने के लिए बनाई गई कुर्सियां भी क्षतिग्रस्त हालत में हैं। बदहाली का आलम यह है कि जिस पार्क में बच्चों की किलकारियां गूंजनी चाहिए थी, वहां अब रात के समय असामाजिक तत्वों और शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। पूरे परिसर में फैली शराब की खाली बोतलें रेलवे विभाग की लापरवाही की गवाही दे रही हैं। गंदगी और असुरक्षा के कारण अब रेल कर्मचारियों के परिवारों और बच्चों ने यहां आना पूरी तरह बंद कर दिया है। जिस उद्देश्य से इस पार्क का निर्माण किया गया था, वह विभाग की उदासीनता के चलते पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने रेलवे विभाग से इस ओर ध्यान देकर पार्क के जीर्णोद्धार और सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने की मांग की है।



### पूर्व विधायक ने ठाकुर बाबा क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस समीपी ग्राम खमरिया में पूर्व विधायक संजय शर्मा एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव दीवान शैलेंद्र सिंह द्वारा फीता काट कर श्री ठाकुर बाबा टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करने पहुंचे पूर्व विधायक एवं दीवान शैलेंद्र सिंह जी का आयोजन कमेटी एवं सभी ग्राम वासियों के द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। समिति अध्यक्ष प्रहलाद लोधी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 32 टीम में भाग ले रही हैं। सभी मैच 10-10 ओवर के खेले जाpएंगे। सेमीफाइनल 12 व फाइनल मैच 15 ओवर का रहेगा। उद्घाटन मैच मानेगांव व गुर्सी के मध्य खेला गया जिसमें उद्घाटन करने पहुंचे पूर्व विधायक द्वारा सिक्का उछाला गया जो मानेगांव की पक्ष में गिरा और मानेगांव ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्राक्षण का फैसला लिया और जवाबी पारी में शानदार जीत दर्ज की। इस अवसर पर आयोजन कमेटी से देवेंद्र लोधी धर्मेंद्र लोधी ऋषिराज लोधी, शशांक लोधी, युवराज लोधी, देवांशु शर्मा, वीरेंद्र लोधी, उदयराज लोधी, अमित लोधी, अभिराज लोधी, सहित सभी ग्राम के वरिष्ठ नागरिक सम्मिलित हुए।





# छात्र-छात्राओं ने किया बरगी डैम का भ्रमण

**तेंदूखेड़ा।** शिक्षा केवल बंद कमरों और पाठ्य पुस्तकों तक सीमित नहीं है अपितु वास्तविक ज्ञान प्रकृति की गोद एवं ऐतिहासिक स्थलों के प्रत्यक्ष दर्शन से प्राप्त होता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोभी के छात्र-छात्राओं को एक दिवसीय बरगी डैम का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस यात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं ने मां नर्मदा की लहरों पर बने सुप्रसिद्ध बरगी डैम का अवलोकन किया है। जहां छात्र-छात्राओं ने जल प्रबंधन एवं टरबाइन से हो रही बिजली उत्पादन एवं गेट खुलने लगे एवं जल स्तर आदि परियोजनाओं की कार्यप्रणाली को समझा। विशाल जल राशि को देखकर छात्र-छात्राएं रोमांचित हो उठे। भ्रमण के दौरान उन्होंने पारिस्थितिक तंत्र एवं सिंचाई में इसकी भूमिका के विषय में जानकारी प्राप्त की, भ्रमण में बरगी डैम का सूक्ष्म रूप से अवलोकन एवं बरगी डैम के उपरांत सुप्रसिद्ध समदड़िया मॉल का भी सूक्ष्मता के साथ अवलोकन बच्चों को कराया गया। बरगी डैम से छोड़े जा रहे मां नर्मदा के कल कल निनाद सुन बच्चे मंत्रमुग्ध हो गए। यहां बच्चों ने भूगोल के उन अध्यायों को भी जीवंत होते देखा जिन्हे वे अब तक केवल किताबों में पढ़ते आए थे। धुआंधार जलप्रपात की गर्जना एवं जलकणों की फुहारों ने छात्र-छात्राओं में अपार उत्साह भर दिया। भ्रमण दल में शामिल बच्चों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस यात्रा ने उनकी जिज्ञासा को नई दिशा प्रदान की है। बच्चों ने कहा कि आज तक हमने इतना अथाय जल भराव विशाल जल राशि आज तक कहीं देखने नहीं मिली इसको हम लोगों के द्वारा सूक्ष्मता से देखा गया। इससे हमें जल संरक्षण की महत्वता समझ आई भ्रमण में साथ रहे वरिष्ठ शिक्षक गोठल सिंह पटेल, सरिता वर्मा, रोमा चौधरी, सचिन साहू, पारस शर्मा, ने कहा कि भ्रमण से बच्चों में सामूहिक सहभागिता, अनुशासन एवं नेतृत्व के गुणों का विकास होता है। यात्रा में शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को ऐतिहासिक स्थलों के पौराणिक महत्व और उनकी भौगोलिक संरचना के विषय में भी विस्तार से समझाया।

# आदिशक्ति इलेवन विजेता मां नर्मदा उपविजेता रहा

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनो से ग्राम इर्माझिरा में चल रहे आईपीएल प्रीमियर लीग में आदिशक्ति इलेवन इमझिरा ने आसन जीत हासिल करते हुए टूर्नामेंट को अपने नाम किया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे दीवान इंद्रजीत सिंह दीवान कृष्ण पाल सिंह के द्वारा हनुमान जी महाराज का पूजन अर्चन कर टास का सिक्का उछाला गया जो आदि शक्ति 11 इमझिरा के खाते में गया। आदिशक्ति टीम के कप्तान ने पहले क्षेत्र आरक्षण करने का फैसला लिया। निर्धारित 12 ओवर के फाइनल मैच में मां नर्मदा इलेवन क्रिकेट क्लब तेंदूखेड़ा की शुरुआत बहुत निराशा जनक रही। मैच के दूसरे ओवर में ही 13 रन बनाकर अपना पहला विकेट गवा दिया। और कोई भी खिलाड़ी बड़ा स्कोर बनाने में सफल नहीं हो सका। मैच की नवे ओवर में 61 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। आदिशक्ति इलेवन क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का क्षेत्र आरक्षण और बालिंग बहुत घातक रही। जहां आदर्श ठाकुर द्वारा अपने तीन ओवर में 10 रन देकर चार विकेट अपने नाम किए। वहीं दूसरी पारी में बैटिंग करने उतरी आदिशक्ति इलेवन टीम द्वारा जोरदार शुरुआत दी गई। मैच के आठवें ओवर में ही दो विकेट के नुकसान पर अपनी जीत हासिल कर ली। सलामी बल्लेबाजी करने उतरे आदर्श ठाकुर द्वारा अपनी टीम के लिए महेश 12 गेंद में 32 रन बनाकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। मुख्य अतिथि ने सभी खिलाड़ियों को बधाई करते हुए कहा कि वास्तव में ग्रामीण क्षेत्रों में अब प्रतिभाओं की कमी नहीं है बस जरूरत है तो उन प्रतिभाओं को सही मार्गदर्शन और निर्देशन की जिससे वह अपनी उत्साह वह आनंदपूर्वक खेल का लुफ्त उठा सके वर्तमान में अनेक प्रतिभाएं ऐसी हैं जो ग्रामीण स्तरों से निकलकर जिला एवं राज्य स्तर तक खेलने के लिए जा रहे हैं। यदि समय-समय पर उनको सही मार्गदर्शन प्रदान किया जाए तो निश्चित ही वह अपने प्रदेश के साथ जिले का नाम भी रोशन करेंगे। समापन अवसर पर अन्य अतिथियों द्वारा भी संबोधित किया गया। अतिथियों द्वारा मैन ऑफ द सीरीज अभय राजपूत बेस्ट बॉलर एवं मैन ऑफ द मैच आदर्श ठाकुर यूट्यूब लाइव स्ट्रीम अजय शर्मा कमेंटेटर कुलदीप शर्मा स्कोरिंग अभिषेक धानक को शील्ड मेडल प्रदान किये गये। उपविजेता टीम को 15000 एवं शील्ड विजेता टीम को 31000 एवं शील्ड पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। इस मौके पर ग्राम से वरिष्ठ नागरिक रूपराम पुरोहित भोलेशंकर कन्हौआ वरिष्ठ पत्रकार सुनील रूसिया सुरेश पुरोहित भागवत कन्हौआ नर्मदा प्रसाद देवीदयाल तिवारी, रामचरण गुबरेले संतोष पाठक तेजराम पंडा विशाल धानक नरेश छीपा सतीश पुरोहित अखिलेश शर्मा राजेश लोधी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का आभार कुलदीप शर्मा एवं संचालन अजय शर्मा के द्वारा किया गया।

